उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति के पांचवें प्रतिवेदन की एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूँ।

---

**REPORT OF THE COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN**

SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Sir, I lay on the Table, a copy (in English and Hindi) of the Second Report (Seventeenth Lok Sabha) of the Committee on Empowerment of Women (2019-2020) on Action taken on the Fifteenth Report of the Committee (Sixteenth Lok Sabha) on the subject 'Working Conditions of Women Teachers in Schools'.

---

**MATTERS RAISED WITH PERMISSION**

**Need to meet the irrigation needs of Sirmor and Semaria regions from the Bargi and Bansagar Irrigation Projects**

**श्री राजमणि पटेल** (मध्य प्रदेश): माननीय सभापति जी, मैं बरगी तथा बाणसागर नहर से सिरमौर तथा सेमरिया क्षेत्र में सिंचाई के संबंध में कहना चाहता हूँ। बाणसागर सिंचाई परियोजना से किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन जिला त्योंथर, रीवा के लिए सिंचाई हेतु क्योटी नहर का निर्माण हेतु सिरमौर मुख्यालय से भूमिगत नाली का निर्माण कराए जाने से सिरमौर मुख्यालय तथा राजगढ़, दुरहरा, बलहारा, कररिया आदि गाँवों में किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हो रहा है। मैं माननीय सिंचाई मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि क्योटी नहर का निर्माण कार्य में ऊपरी सतह से नाली, नहर का निर्माण कराया जाए अथवा सिरमौर मुख्यालय के पास मुख्य नहर से लिफ्ट कराकर किसानों को सिंचाई हेतु पानी देने के आदेश देने की कृपा करें, ताकि सिरमौर मुख्यालय, राजगढ़, दुलहरा, बलहारा और कररिया आदि गाँवों के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके।

माननीय सभापति महोदय, इसी तरह से सेमरिया क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र है। वहाँ सिंचाई के साथ-साथ पीने के पानी की भी समस्या है, मवेशियों के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस पहाड़ी अंचल के लिए बरगी बाँध सिंचाई नहर निर्मित कराकर जरमोहरा सिंचाई बांध सेमरिया में पानी पहुँचाकर सेमरिया पहाड़ी क्षेत्र में गाँवों के वंचित किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तत्काल योजना की स्वीकृति प्रदान करें। इससे सिंचाई के साथ-साथ पीने के पानी की समस्या तथा मवेशियों के लिए पानी की समस्या का निराकरण हो सकेगा।

**Concern over rise in Type 1 Diabetes among children**

**डा. अशोक बाजपेयी** (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, मैं आपकी अनुज्ञा से एक बड़ा गंभीर प्रश्न सदन के संज्ञान में उपस्थित करना चाहता हूँ।